मॉर्डन ड्रग्स का कॉर्पोरेट किंग ए.एन.टी.एफ. के हत्थे चढ़ा

आरोपी ने राजस्थान और गुजरात तक फैला रखा था नशे का जाल

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। राजस्थान में नशे के काले कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने 7 साल से फरार और 40 हजार रुपए के इनामी तस्कर राजूराम उर्फ राजेश (40) को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई 6 महीने लंबे 'ऑपरेशन जेंटल-मेंटल' के तहत की गई, जिसे अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम.एन. के निर्देशन और आईजी विकास कुमार के नेतृत्व में अंजाम दिया गया।

आईजी विकास कुमार के अनुसार आरोपी को बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। जहां वह अपने परिवार से मिलने आया था और एक झोपड़ी में छिपा हुआ था। आरोपी राजस्थान, गुजरात और मध्यप्रदेश में एमडी ड्रग्स की सप्लाई चेन का मुख्य सरगना बना हुआ था।

जांच में सामने आया कि आरोपी ने नशे के कारोबार को पूरी तरह कॉर्पोरेट ढांचे में संगठित कर रखा था। वह खुद को 'मार्केटिंग सीईओ' बताता था, जबकि कोलकाता से पकड़ा गया तस्कर रमेश 'प्रोडक्शन हेड' के रूप में काम करता था। नेटवर्क में फैक्ट्री मैनेजर और अकाउंटिंग हेड जैसे पद भी बनाए गए थे।

राजस्थान के जोधपुर, बाड़मेर, जालौर और सांचौर क्षेत्रों में उसकी एक दर्जन से अधिक एमडी फैक्ट्रियां संचालित होने की जानकारी सामने आई है। यहां से तैयार माल सीधे थोक विक्रेताओं तक पहुंचाया जाता था।

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने 7 साल से फरार 40 हजार रुपए के इनामी तस्कर राजूराम उर्फ राजेश को गिरफ्तार किया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अब तक करीब 100 करोड़ रुपए मूल्य का एमडी ड्रग्स बाजार में खपा चुका है। प्रति किलो एमडी पर करीब 15 लाख रुपए तक मुनाफा कमाया जाता था। करीब 12 साल पहले आरोपी ने अवैध शराब तस्करी से अपराध की दुनिया में कदम रखा था, जहां उसे 15 हजार रुपए प्रति ट्रिप मिलते थे। बाद में अफीम और डोडा-चूरा तस्करी में जुड़कर कमाई बढ़ी और अंततः एमडी नेटवर्क से जुड़कर बड़ा तस्कर बन गया।

आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए गांव में मुखबिरों का नेटवर्क तैयार कर रखा था। सूचना मिलते ही वह खेतों के रास्ते फरार हो जाता था। तीन बार पहले भी पुलिस कार्रवाई के दौरान भाग निकलने में सफल रहा था।

इस बार भी उसने एएनटीएफ को गुमराह करने के लिए अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी में गुर्गों को भेज दिया और खुद झोपड़ी में छिपा रहा। पुलिस ने वाहन का पीछा करने के बजाय उसकी एक करीबी महिला मित्र पर नजर रखी, जो उसे खाना देने जा रही थी। इसी आधार पर लोकेशन ट्रैक कर टीम ने आरोपी को धर दबोचा।

आरोपी तंत्र-मंत्र और जादू-टोने में गहरा विश्वास रखता था। वह हर अमावस्या पर उत्तराखंड के कैंची धाम और हरिद्वार जाता था। दो माह पूर्व हरिद्वार के पास एएनटीएफ से मुठभेड़ के दौरान भी वह भागने में सफल रहा था।चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी का पिता होमगार्ड में तैनात है, लेकिन आरोपी ने इसी का फायदा उठाकर वर्षों तक पुलिस से बचाव किया। उसने अपने रिश्तेदारों को भी इस नेटवर्क में शामिल किया, जिसमें उसका बहनोई मांगीलाल फैक्ट्री मैनेजर के रूप में काम करता था। एएनटीएफ ने इस अभियान का नाम 'ऑपरेशन जेंटल-मेंटल' आरोपी की दोहरी छवि के आधार पर रखा। वह सामाजिक रूप से खुद को 'जेंटल' दिखाता था, जबकि अपराध जगत में उसकी छवि 'मेंटल' यानी असामान्य सोच रखने वाले व्यक्ति की थी। आईजी विकास कुमार के अनुसार राज्य में एमडी जैसे घातक नशे के कारोबार को खत्म करने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें शामिल किसी भी तस्कर को बख्शा नहीं जाएगा।

- बाड़मेर के धोरीमन्ना क्षेत्र में परिवार से मिलने आया था आरोपी, झोपड़ी में छिपा हुआ था
- राजस्थान के जोधपुर, बाड़मेर, जालौर और सांचौर क्षेत्र में आरोपी की एक दर्जन से अधिक एमडी फैक्ट्रियां संचालित होने की जानकारी सामने आई है। यहां से तैयार माल सीधे थोक विक्रेताओं तक पहुंचाया जाता था।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गोविंददेवजी की महाआरती में शामिल हुए

राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर आस्था, परंपरा एवं संस्कृति का अनूठा संगम नजर आया

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार शाम को सपत्नीक गोविंददेवजी की महाआरती में शामिल होकर पूजा-अर्चना की।

जयपुर (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को गोविंददेवजी की महाआरती में शामिल हुए। उन्होंने विधिवत मंत्रोच्चार के मध्य सपत्नीक आरती एवं पूजा-अर्चना करते हुए प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए कामना की।

मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं का आत्मीयता के साथ अभिवादन किया। इस दौरान मंदिर के महंत ने मुख्यमंत्री को दुपट्टा ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आस्था, परंपरा एवं संस्कृति के इस अनूठे संगम से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, विधायक गोपाल शर्मा, बालमुकुंदाचार्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर गत वर्ष से राजस्थान दिवस अंग्रेजी कलैण्डर के स्थान पर भारतीय पंचाग की तिथि नव संवत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाने का निर्णय किया गया। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष भी प्रदेशभर में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (19 मार्च) को विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन के साथ भव्य रूप में राजस्थान दिवस मनाया जा रहा है। इसी क्रम में राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर देवस्थान विभाग द्वारा विशेष आयोजनों के तहत प्रदेश के सभी राजकीय मंदिरों में सजाने, दीप प्रज्ज्वलन, भजन संध्या और विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती भी आयोजित किए जा रहे है।

- राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में राजकीय मंदिरों में विशेष आयोजन

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यूनिट नम्बर जी-02 ग्राउण्ड फ्लोर प्लाट नम्बर 197, खुशी विहार, गणपतपुरा सांगानेर जयपुर जिसका कुल एरिया 1100 वर्गफीट है की मालिक पंजीकृत हक त्याग के पश्चात विधिक वारिसान के आधार पर अनिता शर्मा पत्नी स्व. श्री यतेन्द्र कुमार शर्मा बताई गई हैं तथा अनिता शर्मा से उपरोक्त सम्पत्ति को क्रय करने का इकरार मेरे अभिभाष्य राजन कुमार ने किया है तथा मेरा अभिभाष्य उपरोक्त सम्पत्ति को क्रय करने के लिये एचडीएफसी बैंक लिमिटेड से ऋण प्राप्त करना चाहता है यदि इसमें किसी भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था अथवा बैंक आदि को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के अन्दर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के पास लिखित में मय सबूत सम्पर्क करे अन्यथा बाद गुजरने मियाद आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। सूचित रहे।
सतीश चन्द्र गुप्ता (एडवोकेट) मो. 9414056003
87 प्रभात कॉलोनी, विजयबाड़ी पथ नम्बर 07 सीकर रोड़ जयपुर

खोया-पाया दिनांक 18.03.2026
यह कि प्लाट नम्बर 93 श्री गणपति गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना राजेन्द्र नगर- ए, जयपुर, राजस्थान का स्वामित्व श्रीमती लता शर्मा पत्नी श्री राज कुमार शर्मा का है। यह कि उक्त प्लाट का जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर द्वारा जारी पट्टा/ लीज डीड क्रमांक 1063 दिनांक 29.09.2007 के साथ संलग्न स्टाम्प नम्बर 8816 /10 व 8817/ 1 कुल स्टाम्प रुपये 3970 +10 कुल 11 स्टाम्प कहीं गुम हो गये है। किसी व्यक्ति/ संस्था को मिले तो सूचित करें। मोबाईल नम्बर 9672870870

NAME CHANGE
I, FAZAL UR RAHMAN NIAZI , S/o, Khaleequr Rehman Niazi residing at 3, Mirji Ka Bagh, Sansar Chandra Road, Jaipur- 302001, have changed my name to SYED FAZAL UR RAHMAN NIAZI vide Affidavit No. 16952 dated 18.03.2026 at Jaipur. I hereby declare that FAZAL UR RAHMAN NIAZI and SYED FAZAL UR RAHMAN NIAZI refer to one and the same person. Henceforth, I shall be known as SYED FAZAL UR RAHMAN NIAZI.

अपील की सुनवाई के लिये नियत दिन की प्रत्यर्थी को सूचना
(आदेश 41 के नियम 14)
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-01 जयपुर महानगर-द्वितीय
नाम न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-01 जयपुर महानगर द्वितीय
एल.बी.एल.माथुर विरूद्ध मेहरू निशा वगै. अपील C.R.A.
अपील नं. 64/17 CIS No. 108/17
A.M.5 जयपुर नगर के न्यायालय की तारीख 22/2/17 को निर्णय की अपील
नाम (1) नाम स्वास्तिक गृह निर्माण सहकारी समिति लि. द्वारा अवसायक सहायक पंजीयक सहकारी समितियाँ मिनी सचिवालय बनीपार्क जयपुर (2) श्री मोहम्मद तारीक पुत्र स्व.श्री मोहम्मद मुनीर खां ई-177 रमेश मार्ग, सी-स्कीम जयपुर व अन्य पता खसरा नं. 337, लुहारू हाउस के सामने, सिविल लाइन्स, जयपुर
आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में.... की डिक्री को अपील वादी द्वारा उपस्थित की गई है और इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिये इस न्यायालय द्वारा ता.23 माह 03 सन् 2026 नियत की गई है। यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिये कार्य करने के लिये विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जावेगी।
यह आज तारीख 07 माह 03 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
रीडन ग्रेड-प्रथम
मोहर अदालत
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-01 जयपुर महानगर-द्वितीय

मणिपाल हॉस्पिटल
सेक्टर 5, मेन सीकर रोड, विद्याधर नगर, जयपुर, 302039
फ़ोन : 0141-5164000, एक्सटेंशन : 2065
सार्वजनिक सूचना
मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर सूचित करता है कि हॉस्पिटल द्वारा मार्च 2020 से मार्च 2021 तक के समस्त अंतरंग रोगी मेडिकल रिकॉर्ड (बी एच टी) को, एम एल सी और मृतक रोगी के रिकॉर्ड को छोड़ कर, हॉस्पिटल की निति और अन्य नियामक मानदण्डों के अनुसार नष्ट कर दिया जाएगा। यदि आप हॉस्पिटल में इस समयावधि के दौरान स्वास्थ लाभ के लिए भर्ती हुए हों तथा आपको भविष्य में अंतरंग रोगी मेडिकल रिकॉर्ड को सुरक्षित रखना चाहते हैं तो अनुरोध है की इसके वर्णित नंबर 0141 5164000 EXT - 2065, 8003301362, 9785377787 पर मेडिकल रिकॉर्ड डिपार्टमेंट से या नोटिस के प्रेषण की तारीख से 30 दिनों के भीतर मेल आई डी mrd.mhj@manipalhospitals.com पर मेल करें।
By Order
Medical Superintendent
Manipal Hospital Jaipur

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

यूडीएच मंत्री खर्रा ने की दिल्ली में केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात

प्रदेश में विकास से जुड़े मुद्दों पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा

-कार्यालय संवाददाता-

नई दिल्ली । नगरीय विकास और स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला सहित केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय कानून एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात कर प्रदेश के समग्र विकास से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

खर्रा ने इस दौरान राजस्थान में चल रही प्रचलित एवं प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं के साथ-साथ आमजन को प्रभावित करने वाली प्रमुख समस्याओं को केन्द्रीय मंत्रियों के समक्ष रख उनसे नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से त्वरित समाधान हेतु विशेष आग्रह किया गया।

उन्होंने बैठक में क्षेत्र की दीर्घकालिक आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए शाहपुरा-रींगस सड़क मार्ग के चौडाईकरण कर उसे फोरलेन में विकसित करने तथा उसे राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा प्रदान करने की महत्वपूर्ण मांग की। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी और विकास को नई गति प्राप्त होगी।

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बुधवार को दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उनके साथ सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती भी मौजूद थे।

खर्रा ने इसके अतिरिक्त, सीकर-जयपुर बाईपास पर लगातार बढ़ती ट्रैफिक जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी विशेष रूप से ध्यान आकर्षित करते हुए यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारु, सुरक्षित एवं व्यवस्थित करवाने का आग्रह भी किया। मुलाकात के दौरान केन्द्रीय मंत्रियों ने प्रस्तुत विषयों पर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन प्रदान किया और विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से क्षेत्र की इन महत्वपूर्ण मांगों पर शीघ्र ही प्रभावी निर्णय लिए जाएंगे, जिससे आमजन को बेहतर सड़क सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा सीकर जिले के विकास को नई दिशा प्राप्त होगी। केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात के दौरान पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती भी मौजूद रहे।

- शाहपुरा-रींगस सड़क मार्ग को फोरलेन करने और सीकर-जयपुर बाईपास पर ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने के लिए विशेष प्लान की मांग उठाई

घर में घुसकर चोरी करने वाला गिरफ्तार

जयपुर। सुभाष चौक पुलिस ने घर में घुसकर चोरी करने वाले शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी घटना के बाद से फरार था, जिसे पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर दबोच लिया।पुलिस उपायुक्त उत्तर करण शर्मा के अनुसार 5 मार्च 2026 को पीड़ित ने सुभाष चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 4 मार्च अलसुबह करीब 4:45 बजे अज्ञात व्यक्ति खिड़की के रास्ते घर में घुसा और एलईडी सहित अन्य सामान चोरी कर ले गया। मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त एवं सहायक पुलिस आयुक्त के निर्देशन में थाना अधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी जावेद बेग (31) निवासी सुभाष चौक क्षेत्र है, जो वारदात के बाद से लगातार फरार चल रहा था।

कानोडिया कॉलेज की जांच के लिए 5 सदस्यीय कमेटी गठित

जयपुर (कासं)। राजधानी जयपुर की कानोडिया कॉलेज में कांग्रेस नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का मामला सामने आने के बाद अब राजस्थान सरकार के कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय ने कानोडिया कॉलेज की जांच के लिए 5 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है।

आयुक्त द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कानोडिया महिला पीजी महाविद्यालय जयपुर की शैक्षणिक गतिविधियां, महाविद्यालय प्रशासन, प्रबंध समिति और अनुशासन व्यवस्था के संबंध में जांच के लिए 5 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है, जो कि 3 दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इस जांच कमेटी में राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट्स जयपुर के प्राचार्य प्रो. अनिल खंडेलवाल को संयोजक बनाया गया है। जबकि आचार्य राजकीय महाविद्यालय जयपुर के प्रो. आर.एस.राठौर, एचआरडी शाखा आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के सहायक निदेशक प्रो. आर.एस.मीना, क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर के सहायक निदेशक प्रो. आलोक श्रीवास्तव तथा कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय के निजी संस्था शाखा के प्रो. समीर पालीवाल को सदस्य बनाया गया है।

"वीबी-जीरामजी" का लोगो डिजाइन करने की प्रतियोगिता

जयपुर । केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने राष्ट्रव्यापी "विकसित भारत-जीरामजी" यूथ डिजिटल कैंपेन की शुरूआत की है। यह अभियान माय भारत पोर्टल के सहयोग से संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से देशभर के युवा विडियो चैलेंज, क्विज तथा रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर इस डिजिटल जन आंदोलन से जुड सकते है।

ग्रामीण विकास विभाग की शासन सचिव एवं ईजीएस आयुक्त पुष्पा सत्यानी ने बताया कि "वीबी-जीरामजी" लोगो डिजाइन प्रतियोगिता के माध्यम से देश एवं राज्य के नागरिकों को रचनात्मक एवं नवाचार पूर्ण डिजाइन प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। चयनित सर्वश्रेष्ठ लोगो को अधिनियम का आधिकारिक लोगो बनाया जावेगा, जिसका उपयोग भविष्य में एक्ट के प्रचार-प्रसार तथा अन्य गतिविधियों में किया जाएगा।

सर्वश्रेष्ठ लोगो डिजाइन करने वाले विजेता को केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से 50 हजार रूपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत माय विलेज चैलेंज नाम से नेशनल लेवल शॉर्ट वीडियो, रील प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

पैंशन धारकों का सत्यापन 31 मार्च तक

जयपुर । सामाजिक सुरक्षा पैंशन योजना के हितधारियों को 31 मार्च से पूर्व अपना सत्यापन करवाना आवश्यक है। राज्य सरकार जिले में वृद्धावस्था, एकल नारी एवं विशेष योग्यजन श्रेणी के लगभग 5 लाख 95 हजार लाभार्थियों को पैंशन लाभ दे रही है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक बी.पी चंदेल ने बताया कि वर्तमान में जयपुर जिले में 72756 तथा जयपुर शहर क्षेत्र में 64180 पैंशनधारकों का सत्यापन शेष है। बुधवार को नगर निगम के सभी उपायुक्तों की बैठक लेकर अतिरिक्त कलक्टर ने लंबित पेंशनधारकों का भौतिक सत्यापन 31 मार्च तक पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

राजस्थान संपर्क पर नागरिक संतुष्टि स्तर ऑल टाइम हाई लेवल पर

मार्च 2026 में सिटीजन संतुष्टि स्तर 80 प्रतिशत से अधिक पहुंचा

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पारदर्शी, जवाबदेह एवं नागरिक-केंद्रित शासन की दिशा में राजस्थान ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। प्रदेश की नागरिक-केंद्रित शासन व्यवस्था के तहत संचालित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) पर परिवादों का द्रुत गति से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश में मार्च 2026 में लोक शिकायतों के निस्तारण में नागरिक संतुष्टि का स्तर ऑल टाइम हाई लेवल, 80 प्रतिशत से अधिक हो गया है, जो पूर्व माह के लगभग 69.54 प्रतिशत की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है।

उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी को हेल्पलाइन पर दैनिक शिकायत निस्तारण का ऑल टाइम हाई लेवल, 25254 प्रकरण दर्ज किया गया था। इस दिन दर्ज शिकायतें सिर्फ 11788 थीं, जिससे स्पष्ट है कि प्रदेश में शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही, औसत निस्तारण अवधि घटकर 7 दिवस रह गई है, जो शिकायतों के तेजी से हो रहे समाधान को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कई बार स्वयं राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) का निरीक्षण कर परिवादियों से सीधा संवाद स्थापित कर चुके हैं, वे पूर्व में निस्तारित प्रकरणों में दी गई राहत एवं समाधान का नियमित फीडबैक ले रहे हैं तथा उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। पिछले दिनों में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने भी हेल्पलाइन (181) का दौरा कर शिकायतकर्ताओं से संवाद कर फीडबैक लिया है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सभी विभागों के प्रभारी सचिवों को एक परिपत्र जारी कर 4 मार्च से 28 अप्रैल तक हैल्पलाइन पर निर्धारित तिथियों में शिकायतकर्ताओं से संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर मंत्री और ए.सी.एस. से शासन सचिव स्तर के अधिकारी 181 हैल्पलाइन का कर रहे नियमित दौरा

कार्यालय नगरपालिका दूनी (टोंक) राज.
Office of the Municipal Board, Dooni (Tonk) Rajasthan
क्रमांक :: न.पा.दूनी/भण्डार/2025-26/1651 दिनांक : 16.03.2026
निविदा सूचना संख्या (04/2025-26)
नगरपालिका दूनी (टोंक) द्वारा नगर निकाय दूनी एवं राजस्थान सरकार के समुचित वर्ग के सूचीबद्ध ठेकेदारों/संवेदकों एवं केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनो में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, उनके निर्धारित प्रपत्र में निविदा दिनांक 27.03.2026 को आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म एवं निविदा से सम्बन्धित विवरण व शर्ते वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय समय में उपलब्ध है।
NIB Code – DLB2526B3087
UBN No. – DLB2526SSRC38908, DLB2526SSRC38909, DLB2526SSRC38911, DLB2526SSRC38912, DLB2526SSRC38913, DLB2526SSRC38914, DLB2526SSRC38917, DLB2526SSRC38918, DLB2526SSRC38919, DLB2526SSRC38920, DLB2526GSRC38923, DLB2526GSRC38925, DLB2526SSRC38932, DLB2526GSRC38934, DLB2526SSRC38937, DLB2526SSRC38938, DLB2526SSRC38939, DLB2526SSRC38940, DLB2526GSRC38941, DLB2526SSRC38942, DLB2526SSRC38943
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका दूनी (टोंक)
राज.संवाद/सी/25/22759

जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग और ऑस्ट्रेलिया इंडिया वाटर सेंटर के मध्य जल प्रबंधन पर एम.ओ.यू.

जयपुर । पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के मुख्य आतिथ्य में जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग एवं ऑस्ट्रेलिया इंडिया वाटर सेंटर के मध्य एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए गए।

पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि यह समझौता केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ज्ञान, अनुभव एवं तकनीकी सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह समझौता शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ अधिकारियों, नीति निर्माताओं एवं अन्य हितधारकों के लिए प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण के नए अवसर प्रदान करेगा।

दिलावर ने कहा कि इस पहल के माध्यम से सतत विकास, जल सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्यों को मजबूती मिलेगी। यह सहयोग राज्य को भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर रूप से तैयार करेगा और समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा।उन्होंने इस अवसर पर ऑस्ट्रेलिया-इंडिया वॉटर सेंटर के सभी साझेदार संस्थानों, भारतीय सहयोगी संस्थाओं, तथा इस पहल को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों एवं विशेषज्ञों के प्रति आभार व्यक्त किया।

पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर की मौजूदगी में बुधवार को जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग एवं ऑस्ट्रेलिया इंडिया वाटर सेंटर के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए।

दिलावर ने विश्वास व्यक्त किया कि यह समझौता दोनों देशों के बीच सहयोग के नए आयाम स्थापित करेगा और आने वाले समय में उत्कृष्ट परिणाम प्रदान करेगा। मुहम्मद जुनैद, निदेशक, जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग ने कहा कि राजस्थान जैसे जल-संकटग्रस्त राज्य के लिए जल प्रबंधन एक प्रमुख चुनौती रहा है।

ऐसे में यह सहयोग जल संसाधन प्रबंधन, भू-संरक्षण, सुरक्षित पेयजल, तथा जल-ऊर्जा-खाद्य संबंध जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में वैश्विक विशेषज्ञता एवं नवीन तकनीकों को अपनाने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में बसंत माहेश्वरी, निदेशक, ऑस्ट्रेलिया-इंडिया वाटर सेंटर एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

राज्यपाल बागड़े ने दी बधाई

जयपुर । राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राजस्थान दिवस (19 मार्च) की प्रदेशवासियो को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। बागडे ने राजस्थान दिवस पर जारी अपने संदेश में कहा है कि 'राजस्थान' नाम ही मन में गौरव की अनुभूति कराने वाला है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा राजस्थान दिवस भारतीय तिथि से मनाए जाने की घोषणा की सराहना की। उन्होंने कहा कि राजस्थान स्थापना दिवस मात्र एक दिवस नहीं है। यह दिवस हमारे स्वाभिमान, सद्भाव की संस्कृति को सहेजने का है। उन्होंने गुरुवार से आरम्भ हो रहे नव संवत्सर 2083 और चैत्र नवरात्रि पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि "नव संवत्सर में नए संकल्प के साथ राष्ट्र और समाज के उत्थान के लिए कार्य करें। शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा सभी लोगों का कल्याण करें। उन्होंने मां के नौ रूपों को नमन करते हुए सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।"

प्रारूप-5 नियम 6 (2) देखिए
प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका मण्डल सांभर लेक (जयपुर)
क्रमांक/न.पा.सां./2026/2876 **लोक सूचना** दिनांक 18/3/26
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदनकर्ताओं द्वारा नगर पालिका सांभर लेक में भूमि में के अधिकारों के अभ्यर्पण की अनुज्ञा के लिए आवेदन पत्र मय मानचित्र प्रस्तुत कर नीचे वर्णित भूमि में के अपने अधिकार आवासीय / व्यवसायिक प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

क्र. सं.	नाम व पता मय वार्ड/ गली का नाम	पड़ोस द्वारा सीमबद्ध भू-खण्ड सं.	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लंबाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
1	श्री राजू शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा, विष्णु गोयल पुत्र गणपत लाल गोयल सांभर लेक	पूर्व-भंवराराम पुत्र नारायण पश्चिम-गणेशराम, लादूराम पुत्रान मालूराम जाट उत्तर 20 फुट चौड़ी रोड, दक्षिण-स्वयं की दुकान व अन्य दुकाने	183.30 वर्गमीटर
2	श्री राजू शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा, विष्णु गोयल पुत्र गणपत लाल गोयल सांभर लेक	पूर्व-भंवराराम पुत्र नारायण पश्चिम स्वयं की अन्य दुकान उत्तर- स्वयं का भूखण्ड दक्षिण-100 फुट चौड़ी रोड	29.26 वर्गमीटर
3	सीमा देवी शर्मा पत्नि श्री श्रवण कुमार शर्मा निवासी हमालो की गली सांभर लेक	पूर्व-केसरी मल जी जैन की दुकान पश्चिम-बजरंग जी कयाल उत्तर- रास्ता आम व फुटपात सरकारी धान मंडी दक्षिण-सुरज मल जी सिंघानी का मकान	52.47 वर्गमीटर
4	सीमा देवी शर्मा पत्नि श्री श्रवण कुमार शर्मा निवासी हमालो की गली सांभर लेक	पूर्व-आम रास्ता मंडी हमालान पश्चिम-आसनदास उत्तर-आम रास्ता दक्षिण-गोविन्दराम जी डीडवानिया का मकान वर्तमान मे रतन लाल जैन का	141.48. वर्गमीटर
5	चौथमल पुत्र श्री हेमराज निवासी पोस्ट आफिस के पीछे, रेगर मोहल्ला, सांभर लेक	पूर्व-तुलसीराम रैगर का मकान पश्चिम रास्ता उत्तर-रास्ता दक्षिण-मुकट पुत्र पांचूराम का मकान	45.88 वर्गमीटर
6	श्री असहूल्लाह खा पुत्र श्री फैजुल्लाह खा निवासी कपड़ा बाजार सांभर लेक।	पूर्व-मकान श्याम लाल सिंघी पश्चिम-मकान फैजुल्लाह खा उत्तर- चौक दक्षिण-मकान रामप्रसाद हरिजन व मकान रूस्तम अख्वासी	115.18 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 69-क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्ट